(ग) क्या सरकार तकनीकी कर्मचारियों की केवल तकनीकी पदों पर और गैर-तकनीकी कर्मचारियों को केवल गैर-तकनीकी पदों पर नियुक्त करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (घ) कर्मचारियों की तैनातियां प्रशासनिक सहूलियतों के आधार पर सामान्यतया भर्ती नियमों के अनुरूप ही की जाती हैं ।

गुजरात में "पे फोन" कनेक्शन

1889. श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात में "पे फोन" कनेक्शन आवंटित किये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो अनुसूचित जातियों, विकलांगों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को किन-किन स्थानों पर कनेक्शन दिये गये हैं ;

(ग) क्या इन टेलीफोन कनेक्शनों के आवंटन के संबंध में कोई अनियमितताएं पायी गई हैं ; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) और (ख) गुजरात में सिक्के डालकर चलने वाले विभागीय फोन काम कर रहे हैं। सिक्के/कार्ड से चलने वाला कोई पे-फोन किसी भी निजी पार्टी को आवंटित नहीं किया गया है । निजी पार्टियों को फ्रेन्चाइज किये जाने वाले एस. टी.डी. युक्त सार्वजनिक फोन आवंटित करते समय, अनुसूचित जाति, विकलांग तथा आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों को प्राथमिकता दी जाती है बशर्ते कि वे पात्रता की निर्धारित शर्तें पूरी करते हों । यह प्राथमिकता उन सभी स्थानों पर दी जाती है जहां एस टी डी युक्त सार्वजनिक फोन फ्रेन्चाइज किये जाते हैं ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Commissioning of electronic boards in telephone exchanges in Andhra Pradesh

1890. **SHRI K. M. KHAN:** Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether some electronic boards have been commissioned in Telephone exchanges in Andhra Pradesh during the last three calendar years;

(b) if so, the details thereof, district-wise during each year and if not, the reasons therefor;

(c) whether some electronic boards set up in Andhra Pradehs during 1994 till June have not been commissioned;

(d) if so, the names of such places, district-wise with reasons therefor;

(e) whether Government propose to set up electronic boards during next two calendar years viz. 1995 and 1996 in Andhra Pradesh; and

(f) if so, names of places, district-wise selected and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Yes, Sir.

(b) The district-wise details during each year are given in Statement-I (See below)

(c) Yes, Sir.

(d) Details are given in Statement-II (See below).

(e) Yes, Sir.

(f) About 200 nos. of Electronic Telephone exchanges have been planned for setting up new exchanges and expansions during the years 1995, 1996. Exact locations will be identified in the fourth quarter of 1994-95 after Budget is made available subject to the availability of registered demand of waiting list, funds, equipment and other resources.

Statement-I

District-wise details of Electronic Exchanges Commissioned during last three years

District	1991	1992	1993
Adilabad	15	9	10
Ananthpur	23	16	26
Chittoor	26	18	25
Cuddapah	11	9	12
East Godawari	15	21	36
Guntur	39	39	51
Hyderabad & R. R.	10	28	43
Karimnagar	13	8	12
Khammam	15	28	15
Krishna	33	28	20
Kurnool	33	20	16
Mahboobnagar	13	9	15
Medak	5	6	8
Nalgunda	9	5	12
Nellore	12	9	17
Nizamabad	4	6	8
Prakasam	9	5	13
Srikakulam	10	16	9
Visakhapatnam	13	8	14
Vizianagram	5	7	9
Warangal	4	8	13
West Godavari WA	34	28	62
TOTAL :	331	331	446

Statement-II

District-wise list of Electronic Exchanges set-up till June, 1994 and not yet Commissioned

District	Place	Reasons
Guntur	Narasaraopet	
Nellore	Kavali, Naidupet	
Cuddapah	Proddatur	
Ananthpur	Guntakal	Acceptance Testing in progress and yet to be completed.
Kurnool	Nandyal, Nandikothur	
Mahboobnagar	Kothur, Nagarkurnool, Miryalaguda	
Medak	Gajwal	
Nizamabad	Nizamabad	
Adilabad	Mancherial, Nirmal	
Karimnagar	Karimnagar, Godavarikhani	
Khammam	Heavy Water, Plant, Manuguru	

सोलापुर जिले में एस०टी०डी० सुविधा वाले स्थान

1891. श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सोलापुर जिले के उन स्थानों के नाम क्या हैं जिन्हें 1994–95 के अन्त तक एस.टी.डी. सुविधा से जोड़े जाने की संभावना है ; और

(ख) उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां उक्त अवधि तक नये डाकघर खोले जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) सोलापुर जिले के मोदनिम्ब, वेलापुर बहुमपुरी, कुरूल और सैंतफालको को मार्च, 1995 तक एस.टी.डी. नेटवर्क के साथ जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं, बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों।

(ख) महाराष्ट्र राज्य में 1994–95 के दौरान 25 डाकघर खोलने का लक्ष्य रखा गया है, जिलेवार आबंटन को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

जिला और पंचायत स्तर पर सलाहकार समितियों का गठन

1892. श्री मास बोहुम्बाव : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार जिला और पंचायत स्तर पर सलाहकार समितियों का गठन करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस के क्या कारण हैं ?